

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

आदिवी शेष की 3 फिल्में शीर्ष ...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 22 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 301 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## आतंकवाद मानवाधिकार का सबसे बड़ा उल्लंघनकर्ता, इंटरपोल की भूमिका बहुत अहम : अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद मानवाधिकार का सबसे बड़ा उल्लंघनकर्ता है। उन्होंने इंटरपोल और इसके सदस्यों से आह्वान किया कि वे सीमा से परे सहयोग के लिए हाथ मिलाएं ताकि सीमा पार आतंकवाद को हराया जा सके। इंटरपोल महासभा के 90वें सत्र को समापन दिवस पर संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आपराधिक गिरोह गठजोड़ करके काम कर रहे हैं और वैश्विक पुलिस और खुफिया एजेंसियों को मिलकर काम करना चाहिए।



इंटरपोल महासभा में 164 देशों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, ''आतंकवाद मानवाधिकार का सबसे बड़ा उल्लंघनकर्ता है... अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद, छोटे आतंकवाद और बड़े आतंकवाद की बात साथ—साथ नहीं हो सकती।'' उल्लेखनीय है कि इंटरपोल महासभा के सत्र का आयोजन नयी दिल्ली में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर हो रहा है। शाह ने कहा कि अपराध की मौजूदा घटनाएं 'सीमा विहीन' हैं और इंटरपोल के सभी सदस्यों को इस चुनौती से निपटने के लिए साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों से निपटने में वैश्विक पुलिस संगठन (इंटरपोल) की भूमिका 'बहुत अहम' है। गृहमंत्री ने कहा कि सीमा पार के आतंकवाद से निपटने के लिए सीमा से परे जाकर सहयोग बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद, छोटे आतंकवाद और बड़े आतंकवाद की बात साथ साथ नहीं हो सकती।

ऑनलाइन माध्यम से लोगों को कट्टरपंथी बनाने के मुद्दे पर शाह ने कहा कि इसे राजनीतिक समस्या नहीं करार दिया जा सकता क्योंकि उस स्थिति में इसके खिलाफ लड़ाई आधे—अधूरे मन से होगी। शाह ने कहा कि (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी की सरकार पुलिस को सभी चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने की कोशिश रही है। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद और मादक पदार्थ तस्करी के मामलों का राष्ट्रीय डेटाबेस बना रहा है ताकि पुलिस इन सूचनाओं का प्रभावी तरीके से इस्तेमाल कर सके। शाह ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा पुलिस बल की पहली प्राथमिकता है।

## ओडिशा में दिवाली पर आएगा चक्रवात, भारी बारिश होने की संभावना

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी में संभावित चक्रवात के कारण ओडिशा में अगले सप्ताह की शुरुआत में भारी बारिश होने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि मौसम प्रणाली के ओडिशा से निकलकर पश्चिम बंगाल तथा बांग्लादेश की ओर बढ़ने का अनुमान है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने कई जिलों के निचले इलाकों से लोगों को निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईएमडी ने बताया कि मौसम प्रणाली के सोमवार को तीव्र चक्रवाती तूफान में बदलने से पहले शनिवार को अवदाब और रविवार को गहरे अवदाब का क्षेत्र बनने का अनुमान है। इसके उत्तर और उत्तर—पूर्व दिशा में पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश की ओर बढ़ने की संभावना है। चक्रवाती तूफान को 'सितरांग' नाम दिये जाने की उम्मीद है। यह नाम थाईलैंड ने सुझाया है। ओडिशा की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री प्रमिला मलिक ने कहा कि सभी जिलों और तटीय क्षेत्र के अधिकारियों को किसी भी स्थिति से निपटने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।



उन्होंने कहा कि दमकल विभाग, ओडिशा राज्य आपदा मोचन बल (ओडीआरएएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मी किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने पूर्व मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और सुंदरबन के निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि संभावित चक्रवात से निपटने की तैयारियों के तहत सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और आपातकालीन विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।''

## विकास परियोजनाओं की सौगात, पीएम मोदी बोलेः ये दशक उत्तराखंड का दशक है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छठवीं बार केदारनाथ पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। इसके बाद वह बदरीनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री के आगमन से देश के अंतिम गांव माणा में खासतौर पर भारी उत्साह है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3400 करोड़ रुपये से अधिक की कनेक्टिविटी परियोजनाओं की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौरीकुंड को केदारनाथ और गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ने वाली दो नई रोपवे परियोजनाओं सहित



3400 करोड़ रुपये से अधिक की कनेक्टिविटी परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने माणा गांव, बद्रीनाथ में सड़क और रोपवे परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए कहा कि आज बाबा केदार और बद्री विशाल जी के दर्शन करके मन प्रसन्न हो गया, जीवन धन्य हो गया। माणा गांव, भारत के अंतिम गांव के रूप में जाना जाता है। लेकिन मेरे लिए सीमा पर बसा हर गांव, देश का पहला गांव है।माणा गांव भारत के अंतिम गांव के रूप में जाना जाता है लेकिन मेरे लिए सीमा पर बसा हर गांव देश का पहला गांव है। सीमा पर बसे आप जैसे सभी साथी देश के सशक्त प्रहरी है। 21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला— अपनी विरासत पर गर्व, दूसरा— विकास के लिए हर संभव प्रयास। पीएम मोदी ने कहा कि देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर मैंने लाल किले पर एक आवाहन किया,ये आवाहन हैं गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्ति का। ऐसा इसलिए,क्योंकि आजादी के इतने वर्षों बाद भी,हमारे देश को गुलामी की मानसिकता ने ऐसा जकड़ा हुआ है कि प्रगति का कुछ कार्य कुछ लोगों को अपराध की तरह लगता है।

## फारुख अब्दुल्ला के नहीं रुकेंगी हत्याएं वाले बयान पर एलजी मनोज सिन्हा की सख्त चेतावनी, कहा- करना पड़ेगा कानून का सामना

जम्मू। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बिना नाम लिए पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला को वार्निंग दी है। उन्होंने दो टूक कहा है कि कुछ लोग नागरिक हत्याओं जैसे आंतकी कृत्यों को जायज ठहराने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें भी कानून का सामना करना पड़ेगा। जम्मू—कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि अगर कोई अपनी बयानबाजी से या कृत्यों से देश की अखंडता के साथ खिलवाड़ करेगा तो देश के कानून के तहत उन पर भी आने वाले दिनों में कार्रवाई की जाएगी। मनोज सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग हैं जो सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे तत्वों पर हमें पैनी नजर रखकर और उनसे सख्ती से निपटने



की जरूरत है। कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए निर्दोष नागरिकों की हत्या को सही ठहरा रहे हैं। बता दें कि श्रीनगर से सांसद अब्दुल्ला ने कहा कि यदि जमीनी स्तर पर स्थिति बेहतर हो गई होती तो एक और कश्मीरी पंडित की हत्या नहीं होती। उन्होंने संवाददाताओं से संक्षिप्त बातचीत में कहा, ''जब तक न्याय नहीं होगा, हत्याएं नहीं रूकेंगी।'' शोपियां में आतंकवादियों द्वारा एक कश्मीरी पंडित की हाल में हत्या कर दिये जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने यह कहा। गौरतलब है कि आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में स्थित चौधरी गुंड इलाके में पूरन कृष्ण भट नाम के व्यक्ति की शनिवार को गोली मार कर हत्या कर दी। उनके पैतृक घर के बाहर उन पर यह हमला किया गया था।

## हिमाचल में कांग्रेस के चुनाव प्रचार की अगुवाई करेंगी प्रियंका गांधी, राहुल के शामिल होने की संभावना



शिमला। हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी कमर कस ली है। हिमाचल में सत्ता से दूर कांग्रेस इस बार अपनी पूरी ताकत लगाने में लगी है। हिमाचल में प्रियंका की जनसभा के जरिये चुनावी आगाज पहले ही हो चुका है। आने वाले दिनों में प्रियंका गांधी वाड्रा की और रैलियां प्रदेश में हो सकती हैं। वहीं खबरों की मानें तो राहुल गांधी भी पहाड़ी राज्य में रैलियां कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के हिमाचल प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए 31 अक्टूबर से प्रचार शुरू करने की उम्मीद है। प्रियंका गांधी अपने पहाड़ी राज्य के दौरे के दौरान रोड शो और जनसभाएं करेंगी। अभियान के लिए 31 अक्टूबर को वह मंडी और कुल्लू जिलों का दौरा करेंगी। 3 नवंबर को वह कांगड़ा और चंबा इलाकों को कवर करेंगी, उसके बाद 7 नवंबर को हमीरपुर और ऊना में रैलियां करेंगी।

## महिला आयोग ने राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में पत्रकार को तलब किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने राष्ट्रपति के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में कन्नड़ दैनिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक को पूछताछ के लिए बुलाया है। एनसीडब्ल्यू ने उस ट्वीट का संज्ञान लिया, जिसमें अखबार में प्रकाशित एक लेख की क्लिपिंग पोस्ट की गई थी। आयोग ने ट्विटर पर लिखा, "एनसीडब्ल्यू ने माननीय राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट का संज्ञान लिया है। आयोग ने पत्रकार को 26.10.2022 को दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर पूछताछ के लिए व्यक्तिगत रूप से पेश होने का नोटिस भेजा है।

## घर में पटाखे फटने के बाद हुए घायलों में तीन और की मौत, मृतक संख्या छह हुई

नई दिल्ली। गुरुग्राम में पिछले हफ्ते एक घर में पटाखे फटने के बाद गंभीर रूप से झुलसे तीन और लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जिसके साथ ही इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 12 अक्टूबर को नखरोला गांव में हुई इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसके साथ ही विस्फोट में घायल हुए सभी छह लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक तनुज (14) और विष्णु कांत (40) ने शुक्रवार सुबह दिल्ली के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया जबकि सतीश (40) की बुधवार रात मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि इससे पहले 16 अक्टूबर को मकान मालिक भगवान दास उर्फ घ्घ्काला (40), उसके बेटे मनीष (20) और बेटी छवि (10) की मौत हो गई थी। सतीश काला के रिश्तेदार था जबकि तनुज उसका बेटा था। विष्णु कांत सतीश का ड्राइवर था। पुलिस के अनुसार 12 अक्टूबर की दोपहर घर में हुए भीषण विस्फोट में एक परिवार के चार सदस्यों, उनके एक रिश्तेदार और ड्राइवर सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मकान मालिक दास के खिलाफ खेड़की दौला थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस के अनुसार, दास शादियों और अन्य कार्यों में उपयोग के लिए पटाखों की आपूर्ति करता था। खेड़की दौला थाना प्रभारी (एसएचओ) राजेंद्र सिंह ने कहा, "सभी घायलों की हालत गंभीर थी क्योंकि वे 90 प्रतिशत से अधिक झुलस गए थे और नौ दिन तक चले इलाज के बावजूद उनकी मौत हो गई।



## बूस्टर डोज की मांग कम हो गई, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने दिसंबर 2021से कोविशील्ड का उत्पादन किया बंद



नई दिल्ली। भारत में ऑक्सफोर्ड—एस्ट्राजेनेका कोविड—19 वैक्सीन के निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ए्) ने कहा है कि कंपनी ने दिसंबर 2021 में अपना उत्पादन बंद कर दिया है। एसआईआई के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा कि दिसंबर 2021 से हमने कोविशील्ड वैक्सीन का उत्पादन बंद कर दिया है। उस समय हमारे पास कुछ सौ मिलियन खुराक का स्टॉक था और उसमें से 10 करोड़ खुराक पहले ही समाप्त हो चुकी थीं। बूस्टर खुराक लेने वाला कोई नहींः पुणे में विकासशील देशों के वैक्सीन मैन्युफैक्चरर्स नेटवर्क की वार्षिक आम बैठक के मौके पर बोलते हुए पूनावाला ने कहा कि बूस्टर डोज की मांग कम हो गई है। उन्होंने कहा कि लोग कोविड—19 वैक्सीन की बूस्टर खुराक लेने के इच्छुक नहीं थे। बूस्टर की अब कोई मांग नहीं है। लोग कोरोना महामारी से तंग आ चुके हैं। सच कहूं तो मैं भी इससे तंग आ चुका हूं। उन्होंने यह भी कहा कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने दिसंबर 2021से कोविशील्ड का उत्पादन बंद कर दिया है।




## महबूबा मुफ्ती को सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस, कहा— लूंगी कानूनी सलाह

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को यहां उच्च सुरक्षा वाले गुपकर इलाके में अपना सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया है। जम्मू—कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि फेयर व्यू से बेदखल करने का नोटिस मुझे कुछ दिन पहले दिया गया था। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है और उम्मीद के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि हालांकि नोटिस में उल्लेख किया गया है कि बंगला जम्मू—कश्मीर के मुख्यमंत्री के लिए है, लेकिन ऐसा नहीं है। मुफ्ती ने कहा कि यह स्थान मेरे पिता (मुफ्ती मोहम्मद सईद) को दिसंबर 2005 में आवंटित किया गया था, जब उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया था। जानकारी के मुताबिक महबूबा मुफ्ती को बंगला खाली करने का नोटिस बीते सप्ताह भेजा गया था। ये नोटिस उन्हें जम्मू कश्मीर के इस्टेट विभाग ने भेजा था। प्रशासन का कहना है कि जम्मू और कश्मीर सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम, 1988, संशोधित अधिनियम, 2016 के तहत भेजा है। कानूनी टीम से लेंगी सलाहः इसलिए प्रशासन द्वारा बताया गया आधार सही नहीं हैं।



यह पूछे जाने पर कि क्या वह कानून की अदालत में नोटिस को चुनौती देंगी, पीडीपी प्रमुख ने कहा कि वह अपनी कानूनी टीम से सलाह लेंगी। उन्होंने कहा कि मेरे पास ऐसी जगह नहीं है जहां मैं रह सकूं। इसलिए मुझे निर्णय लेने से पहले अपनी कानूनी टीम से परामर्श करना होगा। हालांकि माना जा रहा है कि इस बंगले की जगह उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए जगह का प्रबंध भी किया गया है। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद को वर्ष 2005 में ये बंगला सुरक्षा के लिहाज से उपलब्ध कराया गया था। जानकारों का कहना है कि उन्हें शहर के बाहरी इलाके में स्थित नौगाम इलाके में आवास चाहिए था मगर सुरक्षा के लिहाज से उन्हें घर वहां नहीं दिया गया। गौरतलब है कि महबूबा मुफ्ती वर्तमान में गुपकर मार्ग पर स्थित फेयर व्यू नामक सरकारी बंगले में रह रही हैं। गुपकर मार्ग श्रीनगर का पॉश इलाका माना जाता है। बता दें कि महबूबा मुफ्ती को उनके पिता के निधन के बाद मुख्यमंत्री बनने के बाद ये बंगला मिला था, तब से ये उन्हीं के पास है। जून 2018 में पीडीपी भाजपा गठबंधन टूटने और सरकार गिरने के बाद महबूबा मुफ्ती अब भी इस घर में रह रही हैं। महबूबा मुफ्ती को जिस बंगले को खाली करने के आदेश दिए गए हैं वो गुपकर रोड पर बना हुआ है। फेयरव्यू रेसिडेंस के आसपास के इलाके में कई हाईप्रोफाइल नेता, नौकरशाह, पुलिस और खुफिया अधिकारी रहते है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

मिल्कीपुर–अयोध्या । खंडासा थाना अंतर्गत पाकड़पुर गांव में 28 वर्षीय दलित महिला कुसुम पुत्री धनीराम ने घर के अंदर लगे बडेर से लटक कर आत्महत्या कर लिया । सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भारते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी खंडासा क्षेत्र के पाकड़पुर गांव निवासी धनीराम अपनी पुत्री कुसुम की शादी नव वर्ष पूर्व थाना बाबा बाजार क्षेत्र के सैमसी गांव निवासी सोनू के साथ की थी शादी होने के बाद से काफी दिनों तक कुसुम अपने मायके में रहती रही बीच–बीच में अपने ससुराल सैमसी आती जाती रहती थी लेकिन लगभग 2 वर्षों से नहीं गई थी। एक पखवारे पूर्व मृतका महिला कुसुम के पति सोनू पाकड़पुर गांव में अपनी पत्नी से मिलने भी आए हुए थे, उस वक्त दोनों में किसी बात को लेकर मामूली सी कहासुनी भी हुई थी।

जिसके बाद सोनू अपने घर वापस चले गए थे। न जाने किस बात को लेकर आज महिला ने अपने घर के अंदर बड़ेर से फांसी लगाकर लटक गई ।परिजनों ने घटना की जानकारी खंडासा पुलिस को दी लेकिन खंडासा पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजन महिला के शव को बडेर से उतार दिए थे। घटना की जानकारी होने के बाद थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतका के शव का पंचायत नामा कराते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की सही जानकारी मिल सकेगी। वहीं परिजनों का कहना है कि मृतक के कोई संतान अभी नहीं थी काफी समय से मृतका कुसुम का मानसिक इलाज भी चल रहा था, किस बात को लेकर यह घटना कर बैठी हमको भी सही जानकारी नहीं है, घटना के समय हम लोग घर पर नहीं थे खेत खलियान की ओर गये थे।

# तेज रफ्तार वाहन ने साईकिल सवार को रौंदा, मौत

अयोध्या। तारुन थाना क्षेत्र के रामगढ़वा ऐमीघाट–तारुन सम्पर्क मार्ग पर ककोली बनराजा बस्ती के पास तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार अधेड़ किसान को जोरदार टक्कर मार दिया ।जिससे किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वाहन चालक घटना के बाद वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्राम पंचायत ककोली मजरे सूबेदार का पूरा निवासी करीब 50 वर्षीय किसान रामदीन निषाद पुत्र राम आधार निषाद सुबह साइकिल से अपने खेत पर फसल देखने गया हुआ था। जब वह वापस घर जा रहा था तो तारुन–एमीघाट मार्ग पर स्थित तालाब के करीब पहुँचा तो विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से जा रही कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। बताया गया कि टक्कर इतनी जोरदार थी किसान काफी देर तक हवा में घूमता हुआ सड़क पर गिरा ।जिससे उसका सिर बुरी तरह फट गया। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण उसे एम्बुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन ले गये। अस्पताल में मौजूद डॉ. महिपाल ने मृत घोषित कर दिया। मृतक किसान के चार पुत्रियां व एक पुत्र है। जिनमे से केवल एक की शादी हुई है। घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल शैलेश यादब व अमित पटेल ने अस्पताल पहुँचकर शव को कब्जे में ले लिया। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इसकी पुष्टि थाना प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह ने की । इस घटना पर ग्राम प्रधान राधेश्याम वर्मा , अनुराग सिंह, अनुज, आलोक यादव, शैलेंद्र यादव ,जिला पंचायत सदस्य सियाराम निषाद ने गहरा दुख प्रकट किया।

# मुलायम सिंह यादव की स्मृति में हुई श्रद्धांजलि सभा

## विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने अर्पि ती श्रद्धांजलि

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के संस्थापक संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को आज यहां भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।शहर के पंचशील होटल में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में न सिर्फ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व नेताओं ने भाग लिया बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत किया। कार्यक्रम में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद लल्लू सिंह ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें एक कर्मठ नेता करार दिया ।श्री सिंह ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ऐसे नेता थे जो दूसरे दलों के नेताओं द्वारा किए गए बेहतरीन कार्यों की भी संसद में तारीफ किया करते थे । मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव ऐसे राजनेता थे जो दल से ऊपर थे उन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल में व रक्षा मंत्री रहते हुए जो काम किया है उसे हमेशा याद रखा जाएगा नेता जी हमेशा सबको साथ लेकर चलते थे चाहे पक्ष हो या विपक्ष भाजपा के महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव ने सदैव ही दूसरे दलों के नेताओं का भरपूर सम्मान करते हुए अच्छी सोच को एक दूसरे के साथ साझा करने पर हमेशा जोर दिया ।भाकपा के नेता सूर्यकांत पांडे ने इस मौके पर कहा कि मुलायम सिंह यादव एक बेहतरीन नेता होने के साथ–साथ एक बेहद अच्छे इंसान थे ,उन्होंने समाज के हर वर्ग को एक साथ ले चलने पर हमेशा जोर दिया । समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने मुलायम सिंह यादव के साथ बिताए गए लम्हों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा ऐसे नेताओं को सम्मान दिया जो पार्टी और प्रदेश के हित में जुड़े रहते थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रताप सिंह ने भी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि मुलायम सिंह यादव जैसा नेता आज के समय में मिलना बड़ा मुश्किल है ।समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने भी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे जब भी फैजाबाद आते थे तो सभी कार्यकर्ताओं से ऐसे मिलते थे जैसे वर्षों से उन्हें जानते हो। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने इस मौके पर स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता अशोक सिंह लोकदल नेता रामशंकर वर्मा सुडडू मिश्रा जनमोर्चा संपादक शीतला सिंह कांग्रेस नेता वेद कमल राघवेंद्र प्रताप सिंह रान्नू प्रगतिशील नेता ललित यादव समाजसेवी प्रीतपाल पाली भाकपा नेता अशोक तिवारी बसपा नेता अजय आजाद बख्तियार खान मो हलीम पप्पू बाबूराम गौड मनोज जायसवाल बलराम मौर्या राम अचल यादव राहुल सिंह शिव बरन यादव पप्पू महंत राम दास महंत आनंद दास दान बहादुर सिंह महंत रामशरण दास महंत अनिल मिश्रा महंत रविदास संत स्वामी नाथ दास सुरेंद्र यादव पंकज पांडेय संजीत सिंह श्री चंद यादव राकेश यादव सरोज यादव राम भक्त यादव मुकेश यादव मोहम्मद शोएब शाहबाज खान अजय यादव स्नेह लता निषाद निशा खान पंकज शर्मा मस्तराम यादव जगदीश यादव शमशेर यादव रक्षा राम यादव पारसनाथ यादव अफाक अहमद खान राम भवन यादव अंसार अहमद बब्बन जय सिंह यादव मंसूर ईलाही हाजी असद अहमद शंभूनाथ सिंह दीपू आदि मौजूद रहे ।

### दो ट्रकों में टक्कर, एक चालक की मौत

अयोध्या। जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 28 के चौकी सती चौरा महोली मोड़ स्थित एक ट्रक की दूसरे ट्रक से पीछे से जोरदार टक्कर हो गयी जिसमें गंभीर रूप से घायल चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई ।राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर लखनऊ से अयोध्या की ओर एक ट्रक जा रहा था। सतीचौरा चौकी के बगल महोली मोड़ स्थित ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक ले ली पीछे से आ रहा दूसरे ट्रक के चालक प्रमोद कुमार 37 वर्ष पुत्र सोहनलाल निवासी जनपद रायबरेली थाना खीरों की पीछे से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी आगे का सारा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसी में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी रवीश कुमार यादव,सिपाही विजय कुमार,सिपाही धनंजय पासवान ने पुलिस कर्मियों के साथ ट्रैक्टर की मदद से फंसे ट्रक को आगे बढ़ाया और ट्रक में फंसे गंभीर रूप से घायल चालक को बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां पर उसकी इलाज के दौरान की मौत हो गई। चौकी प्रभारी सती चौरा रवीश कुमार यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दूसरा चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। ट्रक को कब्जे में लिया गया है।

### घर में खाना बना रही अकेली बालिका से छेड़खानी

मिल्कीपुर–अयोध्या। थाना इनायतनगर के चौकी क्षेत्र बारुन बाजार अंतर्गत मेहदौना गांव के मजरे संडोली में एक 18 वर्षीय बालिका से छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है ।चौकी प्रभारी बारुन बबलू कुमार ने बताया कि वृहस्पतिवार सुबह 6:00 बजे पीड़िता की मां और बड़ी बहन धान काटने खेत में गईं थी तभी आरोपी घर में खाना बना रही पीड़िता को अकेले पाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी किया ।इस दौरान लड़की की बड़ी बहन घर पर आ गई जिस कारण युवक अपने मंसूबे में कामयाब न हो सका और हाथा पाई पर उतर आया ।लड़की की बहन ने तुरंत 112 नंबर पर फोन करके पुलिस की सहायता लिया। मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने पीड़िता को परिवार समेत थाना इनायतनगर पहुंचाया ।जहां पीड़िता की मां विमला देवी पत्नी राम चरन की तहरीर पर आरोपी रियाजुद्दीन पुत्र जुम्मन के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 484‌22 धारा 323,504,506,354 क,354 ख भादवि के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है और मौके से फरार आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है ।बताते चलें कि आरोपी ग्राम पंचायत में चल रही मनरेगा योजना का मेट है और पीड़िता का परिवार मनरेगा में मजदूरी करता है।

# पंचम दीपोत्सव के विजेता व उपविजेता हुए पुरस्कृत हुए

## –कलात्मक उन्नयन के लिए करें निरन्तर नवाचार : प्रो. मनोज दीक्षित

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फाईन आर्ट्स विभाग तथा अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विगत पंचम दिव्य दीपोत्सव में अयोध्या शोध संस्थान, संस्कृति विभाग उत्तर–प्रदेश शासन लखनऊ के वित्तीय सहयोग से आयोजित ''सीता–राम स्वरूप तथा रंगोली प्रतियोगिता'' के विजेता, उपविजेता छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने अपने उद्बोधन में दिव्य दीपोत्सव के प्रारम्भिक स्वरूप से लेकर वर्तमान तक के भव्य आयोजन में फाईन आर्ट्स विभाग के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने बताया कि कला के क्षेत्र में रोजगार एवं नये अविष्कारों की अपार संभावनाएं है। विभाग के छात्र–छात्राओं मे नये–नये सृजन की अपार क्षमताएं हैं। इसके लिए विभागीय शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं कलात्मक प्रवृत्ति के उन्नयन के लिए निरन्तर नवाचार एवं नवीन तकनीक का प्रयोग करते रहें। प्रो. दीक्षित ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यहां की छात्र–छात्राएं मनमोहक रंगोली एवं कलाकृति निर्माण के साथ ऐतिहासिक दीप प्रज्जवलन में अपना योगदान प्रदान करेगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर–प्रदेश उत्तराखण्ड आर्थिक संघ (यू.पी.यू.इ.ए) के प्रेसिडेन्ट एवं इंस्टीटयूट फॉर हयूमन डबलपमेन्ट, नई दिल्ली तथा जे0एन0यू0 के सी0एस0आर0डी0 के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 रवि श्रीवास्तव ने अपना आर्शीवचन उद्बोधन में छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा कलाकृति के सृजनात्मक स्वरूप की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश राज्यपाल के जनसहभागिता के दृष्टिगत दीपोत्सव के दिन घाट संख्या 10 पर चित्रित होने वाली रामकथा आधारित मनमोहक एवं रमणीक चित्रण कार्य हेतु प्रयोग होने वाली सामग्रियों को उपलब्ध करायेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ लेखक एवं विचारक भारतीय संस्कृति अयोध्या के डॉ0 आर0के0 द्विवेदी ने सीता राम स्वरूप एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं सरकार द्वारा प्रदत्त पुरस्कृत धनराशि का चेक प्रदान किया। अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रो0 आशुतोष सिंन्हा ने उपस्थित जनसमूह हेतु अपना आर्शीवचन प्रदान किया।

पुरस्कार एवं वितरण कार्यक्रम की संयोजिका फाईन आर्ट्स विभाग की डॉ0 सरिता द्विवेदी ने बताया कि सीता राम स्वरूप प्रतियोगिता की प्रथम पुरस्कार विजेता पुरस्कार पुर्नवास केन्द्र की रिया मिश्रा एवं चॉदनी वर्मा (मूक बधिर प्रतिभागी) को तीस हजार रूपये का चेक एवं प्रमाण प्रत्र प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार संगीत एवं अभिनय कला विभाग की चेतना गौतम एवं एकता सिंह की जोड़ी को रूपया बीस हजार मात्र का चेक एवं प्रमाण पत्र दिया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार युविन ग्रुप गोरखपुर के छात्र–छात्राओं के पच्चीस हजार की पुरस्कार धनराशि को टीम लीडर धर्मराज राणा को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार अग्नि शिखा ग्रुप की दीपिका को बीस हजार रूपये का चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पुरस्कृत होने वाले अन्य छात्रों में गजेन्द्र सिंह, रमनादास, रोहन यादव को दस–दस हजार का चेक प्रदान किया गया। वहीं हर्ष चन्द्रा, मुस्कान, सत्यम, साक्षी पाल को पांच–पांच हजार का चेक दिया गया। दूसरी ओर दिव्या को सात हजार पाँच सौ का चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पुरस्कृत होने वाले छात्रों में नुपुरू त्रिपाठी एवं भावना पाल का चेक उनक पते पर प्रेषित कर दिया गया है। प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुरस्कृत होने वाले समस्त छात्र–छात्राओं की धनराशि अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग, उत्तर–प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा प्रदत्त की गई है। छठें दिव्य दीपोत्सव–2022 की भव्यता में उत्तर–प्रदेश उत्तराखण्ड आर्थिक संघ द्वारा प्रदत्त सहयोग निश्चित रूप से दिव्य दीपोत्सव के व्यापक स्वरूप को विश्लेषित करता है। फाईन आर्ट्स विभाग इस वर्ष भी नये कलात्मक सृजन के साथ विश्व प्रतिमान स्थापित करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह ने समस्त पुरस्कृत छात्र–छात्राओं की अपना स्नेहिल आर्शीवाद ऑनलाइन प्रदान किया और निरन्तर छात्र–छात्राओं को नये सृजनात्मक कार्यों के लिए उत्प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो0 मृदुला मिश्रा, डॉ0 प्रिया कुमारी, दिव्य दीपोत्सव के उपसमन्वयक डॉ0 संग्राम सिंह, डॉ0 राणा रोहित सिंह, इं0 विनीत सिंह, मुस्कान पुर्नवास केन्द्र की निदेशक रानी अवस्थी, डॉ0 अलका श्रीवास्तव, डॉ0 शर्मिष्ठा घोष, श्रीमती कविता पाठक, श्री सूर्यभान शुक्ला, समाजसेवी के साथ गैरशैक्षणिक कर्मचारी विजय कुमार शुक्ला, शिव शंकर यादव तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### मनबढ़ युवकों दूकान पर किया तोडफोड

अयोध्या ।तारुन थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार निवासी व्यवसायी मंजीत सिंह पुत्र दिलीप कुमार सिंह को हर्षित सिंह पुत्र प्रदीप कुमार सिंह ने ईंट गुम्मा से मारकर सर फोड़ दिया। पीड़ित ने जब थाने पर तहरीर दिया तो इससे नाराज मनबढ़ युवक अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ बोलेरो से बाजार में व्यवसायी की दूकान पर आकर तोड़फोड़ किया है । थानाध्यक्ष को दिए तहरीर में व्यवसायी मंजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि 19 ता0 को वह किसी काम से जा रहा था तभी रामसुचित सरस्वती महाविद्यालय के पास घात लगाये बैठे हर्षित सिंह ने ईंट मारकर घायल कर दिया और उसका सिर फट गया ।पीड़ित ने जब इसकी सूचना थाने पर दिया तो उससे नाराज हर्षित सिंह पुत्र प्रदीप कुमार सिंह अपने साथियों के साथ मो0 खलील पुत्र पहाड़ी निवासी लालगंज ,मोंटी मौर्य पुत्र वंशभान मौर्य निवासी नसरतपुर, अनमोल मौर्य पुत्र अज्ञात सहित 5–6अज्ञात लोग बोलेरो न्‍42 ।ठ 4803 से लाठी डंडे से लैस होकर आए और दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर प्लेटिना गाड़ी, पंखा, व दुकान में लाखों का सामान क्षतिग्रस्त कर दिया ।मो0 खलील व उसके साथियों ने पीड़ित के भाई को पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये ।थाना प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तारुन बाजार निवासी हर्षित सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और तोड़फोड़ के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# श्री हनुमान गढ़ी मंदिर बलरामपुर पर शुरू हुआ हनुमान जयंती महोत्सव

### अयोध्या के वैदिक विद्वानों द्वारा भव्य रूद्राभिषेक के साथ शुरू हुआ हनुमत जयंती महोत्सव

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। वीर विनय चौक, बलरामपुर स्थित हनुमान गढ़ी



मंदिर पर हनुमत जयंती महोत्सव का शुभारंभ अयोध्या के वैदिक विद्वानों द्वारा दिव्य और भव्य रूद्राभिषेक के साथ शुरू हुआ। मुख्य यजमान लखनऊ के राहुल पांडे रहे। श्री हनुमान गढ़ी मंदिर बलरामपुर के उत्तराधिकारी महंत स्वामी महेंद्र दास ने बताया कि श्री मणिरामदास छावनी के पीठाधीश्वर, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या जी एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास मथुरा के अध्यक्ष स्वामी नृत्य गोपाल दास महाराज की अध्यक्षता में मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत स्वामी कमलनयन दास शास्त्री महराज के पावन गरिमामयी उपस्थित में 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक हनुमत जयंती महोत्सव मनाया जायेगा। हनुमत जयंती महोत्सव में प्रतिदिन पूजन अर्चन के साथ दोपहर 3 से शाम 8 बजे तक प्रवचन का कार्यक्रम चलेगा और 26 अक्टूबर को विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया जायेगा। हनुमत जयंती महोत्सव में सभी धर्म प्रेमी बंधु सादर आमंत्रित हैं।

# अग्निवीर भर्ती परीक्षा में हंगामा:अभ्यर्थी बोले– दौड़ निर्धारित समय पर पूरी की,लंबाई में मात खा गए

## भारी भीड़ उमड़ी,अफसरों पर पक्षपात का लगाया आरोप

कानपुर । अग्निवीर भर्ती परीक्षा के पहले दिन ही कानपुर के अर्मापुर ग्राउंड में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शारीरिक परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि भर्ती के लिए लंबाई का मानक 169 सेमी.था, लेकिन भीड़ देखकर 172 सेमी. लंबाई पर चयन किया जा रहा है। अभ्यर्थियों ने दौड़ में भी सख्ती बरतने की बात कही। अभ्यर्थियों ने हंगामा शुरू किया। मामला सेना के अफसरों तक पहुंचा तो वह बाहर आए और अभ्यर्थियों को समझाया। इसके बाद अभ्यर्थी शांत हुए।

अभ्यर्थी बोले– मानक पर खरे उतरने के बाद भी किया बाहरः कानपुर में सेना की अग्निवीर भर्ती परीक्षा शुरू हुई। इसके लिए, अर्मापुर के ग्राउंड में शारीरिक परीक्षा के लिए पहले दिन गोंडा के अभ्यर्थियों को बुलाया गया। देर रात से ही अर्मापुर के एसएएफ ग्राउंड में हजारों की संख्या में अभ्यर्थी पहुंच गए। भोर में शारीरिक परीक्षा शुरू हुई। तो भारी संख्या में फिजिकल में अभ्यर्थियों को अनफिट कर दिया गया। इसके बाद अभ्यर्थियों ने बताया कि भर्ती में इतनी भीड़ आ गई है कि सेना ने लंबाई का मानक 169 सेमी. से बढ़ाकर 172 कर दिया है।

अभ्यर्थी बोले–जो पहले फिट थे, अब वह अनफिट हो गए

अभ्यर्थियों ने यह भी कहा कि जो अभ्यर्थी पहले सेना की भर्ती में शामिल हो चुके थे और लंबाई में फिट थे, उन्हें भी इस बार बाहर कर दिया गया। अभ्यर्थियों ने इसी तरह दौड़ में भी सख्ती का आरोप लगाया। कहा कि अभ्यर्थियों की भारी संख्या में भीड़ पहुंच गई और अब अफसर सिर्फ क्रीम लेयर को ही छांटकर अग्निवीर के लिए भर्ती कर रहे हैं।

लेकिन लंबाई ने बाहर किया

अर्मापुर ग्राउंड के बाहर एक–दो नहीं सैकड़ों अभ्यर्थी ऐसे मिले, जिन्होंने दौड़ निर्धारित समय पर पूरी कर ली। मगर लंबाई में वो मात खा गए। उन्होंने यह आरोप लगाया कि भर्ती मेला में भारी भीड़ देखकर सेना के अफसरों ने लंबाई का मानक बढ़ा दिया। अभ्यर्थियों ने दावा किया कि पूर्व में हुई सेना भर्तियों की शारीरिक परीक्षा में जब वह मानक पर खरे थे तो अब अनफिट कैसे हो गए?

हंगामा देख अलर्ट हुई पुलिस और सैन्य अफसर

अभ्यर्थियों ने अर्मापुर गेट पर हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि भर्ती निष्पक्षता से नहीं की जा रही है। हंगामा देख पुलिस फोर्स और सेना के अफसर गेट पर आए और हंगामा कर रहे अभ्यर्थियों को शांत कराया। इसके बाद गेट पर मौजूद सभी अभ्यर्थियों को एसएएफ ग्राउंड भेज दिया गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत

कानपुर । कानपुर आउटर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रेन की चपेट में आने से बड़ागांव के रहने वाला श्रीपाल (60) पुत्र साउनी मौत हो गई। मृतक किसानी करते थे। सुबह खेत जाने की बात कहकर घर से निकले थे। सुबह वह करीब 9 बजे प्रेमपुर–बड़ागांव के समीप ही पहुंचे थे कि ट्रेन के चपेट में आ गए। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने शव देख कर महाराजपुर पुलिस व जीआरपी को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव की शिनाख्त कर परिवार के लोगों को इसके बारे में जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि घटना के कुछ ही देर बाद जीआरपी को सूचना दी गई,लेकिन कई घंटों बाद जीआरपी मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। ब्लाक पचपेड़वा जनपद बलरामपुर बाढ़ से ग्रसित



हुए गाँवो में विशेष संचारी रोग नियंत्रण का अभियान चलाया गया। गाड़ी पे माइक लगा कर गांव गांव लोगो को जागरूक किया गया। सर्दी जुखाम बुखार दिमागी बुखार टाइफाइड आदि से बचाव और उपचार के बारे में बताया गया। बाढ़ के बाद कोई महामारी न फैले इस लिए पहले से ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# लोक लेखा समिति की बैठक सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में संपन्न





दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में लोक लेखा समिति की अहम बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य रुप से अरुणाचल प्रदेश से आए हुए सदस्यों तथा डिप्टी स्पीकर ने भाग लिया। आपको बता दें कि लोक लेखा समिति (च।ब) एक विधायी समिति है जो सार्वजनिक लेखा परीक्षा का अध्ययन करती है, मंत्रियों, स्थायी सचिवों और अन्य मंत्रालय के अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाती है, और सरकारी बजट लेखा परीक्षा के बाद उनके निष्कर्षों पर एक रिपोर्ट जारी करती है। च।ब् सार्वजनिक धन और संसाधनों के उपयोग के लिए सरकारी संस्थानों को जवाबदेह ठहराने के लिए महालेखा परीक्षक द्वारा दी गई रिपोर्ट सहित सभी संबद्ध वित्तीय रिकॉर्ड की जांच करती है। शुक्रवार को हुए नई दिल्ली में लोकसभा के सदस्यों की बैठक की अध्यक्षता सांसद जगदंबिका पाल ने किया साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार ने जिस उम्मीद के साथ लोक लेखा समिति का निर्माण किया है उन सभी को पूरा किया जायेगा। बैठक में कई अहम मुद्दों पर अरुणाचल प्रदेश के सदस्यों के साथ वार्ता हुई। सांसद जगदंबिका पाल ने दैनिक बुद्ध का संदेश पत्रकार से वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के उम्मीदों पर लोक लेखा समिति सदैव खरा उतरेगा। लोक लेखा समिति सदैव देश की उन्नति के लिए कार्य करती है और करेगी बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में लोक लेखा समिति के 9 सदस्यों ने भाग लिया।

## सपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक तथा





सरंक्षक मुलायम सिंह यादव की स्मृति में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शोहरतगढ़ हरिराम यादव के अगुवाई में ग्रामसभा एंगडेगवा भावपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन व्रत रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान धरती पुत्र को याद करते हुए कार्यकर्ता भावुक हो गए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोहम्मद जमील सिद्दीकी ने कहा कि हम सबके नेता मुलायम सिंह यादव नहीं रहे लेकिन वे समाजवादियों के दिल में हमेशा जिंदा रहेंगे वह देश व समाज को एक धारा में पिरोकर साथ चलने के लिए अग्रसर रहते थे उन्हीं के विचारों पर हम समाजवादियों को चलना है देश में एक महान नेता को खो दिया है नेताजी की जगह आज कोई नहीं ले सकता है। उन्होंने किसानों मजदूरों नौजवानों छात्राओं बेरोजगारों व अन्य सभी वर्ग की आवाज बनकर जीवन भर संघर्ष किया। इस दौरान राम अवतार यादव हरिराम यादव, ओम प्रकाश, सैय्यद, विजय कुमार, आमिर अली समेत सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता एवं आदि मौजूद रहे।

## गांवों में विशेष सफाई अभियान, रोस्टर जारी कर करवाया जा रहा साफ सफाई

पंकज चौब/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास खंड बढ़नी अंतर्गत परसा दीवान, गड़रखा, लोहटी, खरिकौरा, सिसवा बुजुर्ग, पचउध आदि ग्राम पंचायत में 15 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक स्वच्छता कार्यक्रम को गति देने के लिए रोस्टर प्रणाली का प्रयोग किया गया। बढ़नी ब्लॉक में न्याय पंचायत वार सफाई कर्मी गांव की गलियों, मार्गों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ नालियों के कचरे को साफ करने में जुटे नजर आए। दवा के साथ चूना का छिड़काव भी कराया गया। संचारी रोग व दीपावली पर्व को लेकर गांव में बेहतर सफाई का निर्देश ब्लाक प्रशासन द्वारा पहले दिया जा चुका है। ऐसे गांव में जहां गंदगी ज्यादा है, वहां रोस्टर प्रणाली के तहत सफाई कराई जा रही है। एडीओ पंचायत अनुपम सिंह ने निर्देशन में यहां दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी गांव में पहुंचे। चौराहों, सार्वजनिक स्थानों व सड़क की पटरियों पर झाड़ू लगाकर जहां कूड़े–कचरे की सफाई की गई तो जाम नालियों को भी साफ कराया गया। यहां काफी दिनों से सफाई न होने के कारण नालियां बजबजा रही थीं और संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ था। लेकिन त्योहार के दृष्टिगत जिम्मेदार जागे और गांव में सफाई अभियान शुरू कराया गया। एडीओ पंचायत अनुपम सिंह स्वयं इसकी निगरानी करते रहे। कुंवर जितेंद्र बहादुर सिंह घनश्याम विनोद कुमार सुरेश कुमार चिंतामणि अनूप कुमार गौतम केशव पांडे,जय प्रकाश, रामू, भागीरथी, सुनील आदि सफाई कर्मचारी लगे रहे। एडीओ पंचायत अनुपम सिंह ने बताया कि बढ़नी ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायत में सफाई कार्य कराया जा रहा है। प्रमुख स्थानों की गंदगी को हटाने के साथ नालियों की सफाई हो रही है। कीटनाशक दवा के अलावा चूने का छिड़काव भी कराया जा रहा है।





## भरत–मिलाप के साथ ही बर्डपुर का दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला सकुशल सम्पन्न

### भरत मिलाप की रात्रि में निकाली गई आकर्षक व मनमोहक झांकिया





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले के बर्डपुर कस्बे का दो दिवसीय ऐतिहासिक व प्रसिद्ध राम लीला मेला भरत मिलाप के साथ सकुशल सम्पन्न हो गया। मिलाप की रात्रि में निकाली गई आकर्षक व मनमोहक झांकियों की एक झलक पाने के लिए सड़क से लेकर मेला ग्राउंड में देर रात तक भीड़ जमी रही। पूर्व निर्धारित व परंपरागत तरीके से भरत मिलाप की झांकी पूर्व विधायक स्वर्गीय राम रेखा यादव के आवास से उनके पुत्र मेला प्रबन्धकध्भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव के नेतृत्व में निकाली गई।भरत मिलाप रात्रि में कुल 7 डोले थे,जिनमे पहले डोले में राम,लक्ष्मण सीता व हनुमान जी, दूसरे डोले पर भरत शत्रुघ्न, तीसरे डोले पर महाराणा प्रताप, चौथे डोले पर भगवान शंकर,पांचवे डोले पर राधा कृष्ण व उनकी गोपियां ,छठवें डोले पर मां दुर्गा तथा सातवी झांकी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थी, इस झांकी में भारत माता, मां सरस्वती, डॉक्टर, वकील, आईपीएसव आईएएस के रूप में बेटियों समाज को यह संदेश देने का कार्य रही थी कि बेटियां भी किसी से कम नही है। इस झांकी में सबसे ज्यादे लोगो के आकर्षण का केंद्र भगवान शंकर का था, जो अपने गले मे जीवित कोबरा साँप को लपेटे हुए थे। इस दृश्य को देखने के लिए लोगो की भीड़ पूरे कार्यक्रम तक जमी रही। सभी झांकिया गांजे बाजे के साथ पूरे नगर का भ्रमण करते हुए राम लीला मैदान में पहुचा जहां पर भरत मिलाप का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मेले में आये हुए लोगो को बधाई देते हुए मेला प्रबन्धक ओम प्रकाश यादव ने कहा कि बर्डपुर जिले का ऐतिहासिक व प्रसिद्ध राम लीला है,यह मेला देश की आजादी के पहले से लगता चला आ रहा है, इस मेले को पहले अंग्रेजो द्वारा लगवाया जाता था, उनके चले जाने के बाद लोचन मोदनवाल द्वारा लगवाया जाता था, उनके निधन के बाद मेरे पिता पूर्व विधायक राम रेखा यादव सन 1982 से लगवाया जाता था, उनके निधन के बाद अब उनके बेटे ओम प्रकाश यादव द्वारा इस मेले को लगवाया जा रहा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार मोदनवाल ने कहा कि बर्डपुर का राम लीला मेला का सभी को बड़े ही बेसब्री से इंतजार रहता है, आज यह मेला सभी के सहयोग से सकुशल सम्पन्न हुआ। मेला कमेटी के कोषाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता ने मेला को सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार मोदनवाल, उपाध्यक्ष राम प्रसाद चौरसिया,जवाहिर यादव, रामा उमर, अनिल कुमार उमर, राम श्याम, राजेन्द्र यादव,संजय जायसवाल, पुनीत जायसवाल, सुमित यादव, हर्ष यादव, वेद प्रकाश यादव, कमलेश जायसवाल, प्रदीप यादव, आचार्य चंद्र प्रकाश धर द्विवेदी, सिंकदर, हिमांशु यादव, राजकुमार, दीपक चौरसिया, जय प्रकाश सिन्हा, विजय कुमार जायसवाल,जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विधायक विनय वर्मा ने किया शिक्षकों को सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कॉलेज तेतरी बाजार





में आयोजित प्रान्तीय खेल–कूद समारोह में रघुवर प्रसाद जायसवाल के नेतृत्व में विशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक विनय वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया। इस दौरान मंच पर नगर एवं महाविद्यालय प्रशासन के सभी सम्मानित जनों की उपस्थिति मंच पर रही। कार्यक्रम के अंतर्गत में करीब 60–65 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ( आचार्य) सभी को सम्मान स्वरूप वस्त्र प्रदान किया एवं इस प्रतियोगिता में शामिल टीमों में विजयी और पराजित होने वाले टीम के इनाम वितरित किया। साथ ही इस कार्यक्रम की रुप–रेखा एवं इसके प्रायोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा–परिचर्चा किया। इस दौरान कपिलवस्तु के लोकप्रिय विधायक श्यामधनी राही, श्याम बिहारी अध्यक्ष, नगरपालिका, सह नगर संचालक, व विद्यालय के अध्यक्ष मुरलीधार, कन्हैया चौबे, संभाग निरीक्षक, राकेश मणि, प्रधानाचार्य, महादेव, दीपक मौर्या, राममिलन त्रिपाठी, राम सिंह प्रदेश निरीक्षक गोरक्ष सभी सम्मानित जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पूर्ण विजय संकल्प के साथ नगर निकाय चुनाव जीतेगी भाजपाः नरेंद्र मणि त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। शुक्रवार नगर पंचायत चुनाव से





सम्बन्धित भारतीय जनता पार्टी वार्ड सह बैठक चुनाव प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्षध्चुनाव संयोजक इन्द्रेश चौरसिया ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया, जिसमें पूर्व मण्डल महामंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल को मतदाता सूची प्रमुख, राघवेन्द्र द्विवेदी, संजय दूबे, शिवशंकर चौरसिया,को बूथ प्रबंधन प्रमुख, तथा विभिन्न वार्डों के संयोजक,सह संयोजक एवं प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रत्याशिता के प्रबल दावेदार शिव शक्ति शर्मा ने प्रभारी, संयोजक, एवं भाजपा के पदाधिकारियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि चुनाव प्रभारी नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनता ने भाजपा के सुशासन को अपनाया है। डबल इंजन की सरकार ने देश प्रदेश में गुण्डाराज भष्टाचार को किया ध्वत। आने वाले दिनों में नगर निकाय चुनाव में भाजपा पूर्ण विजय संकल्प के साथ बहुमत जीतेगी चुनाव। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष इन्द्रेश चौरसिया ने सम्बोधित करते हुए भाजपा को सर्पोट करने की अपील की। इसी क्रम में बूथ प्रबंधन प्रमुख राघवेन्द्र दूबे ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ देश प्रदेश में कर रही है कार्य। इस दौरान राजेन्द्र मिश्रा, अशोक दूबे, बृजलाल चौधरी, राम नयन यादव, गोरखनाथ दूबे, अमरेश सिंह आदि लोग मौजूद रहें।

## शांति माहौल में मनाएं पर्व, मुस्तैद रहेगी पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। कोतवाली परिसर में प्रभारी सूर्यप्रकाश



सिंह के नेतृत्व में दीपावली, छठ पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के दोनो समुदाय के संभ्रान्ति व्यक्तियों के साथ वार्ता किया गया। प्रभारी ने संबोधित करते हुए कहा कि, पर्व को शांति के माहौल में मनायें। आपसी सौहार्द बनाएं रखें, कोई अराजक तत्व पर्व पर व्यवधान, माहौल विगाड़ने का कार्य करता है तो पुलिस शक्ति से पेश आएगी। ऐसी स्थिति में आप हमें सूचना दें पुलिस तत्परता से मौके पर पहुच कार्यवाही करने को बाध्य रहेगी। किसी अराजकतत्व के साथ कोई नर्मी नही बरती जाएगी। इस दौरान एसआई अशोक कुमार, भीम सिंह, किशोरी लाल, सहित सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे।

## सतरिख चौराहे पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। दिन शुक्रवार सतरिख चौराहा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया सतरिख देहात और आसपास के लोगों ने



श्रद्धेय नेता की फोटो पर फूल अर्पित कर साथ श्रद्धांजलि दी इस मौके पर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर विनोद यादव ने श्रद्धेय नेताजी के किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों से अपील की नेता के समाजवाद के विशाल को जन जन तक पहुंचाना है यही नेता की सच्ची श्रद्धांजलि होगी कार्यक्रम में अशोक यादव प्रधान सतरिख देहात अवधेश यादव बलराम यादव धर्मेंद्र रामसजीवन श्यामलाल रामनरेश संदीप यादव राजेश रामविलास बासुदेव विकास पंकज वर्मा विश्राम फूलचंद मलखान सुरेश अवनीश कुमार वर्मा मोहम्मद वैस निरंजन राहुल यादव रामाशंकर नन्हे लाल यादव आदि लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## सम्पादकीय

**उनको आलाकमान या खडगे से कोई शिकायत नहीं भी रही है तो प्रदेश के नेताओं की खुन्नस में उन्होंने थरूर को वोट किया। तीसरा कारण कांग्रेस के युवा डेलिगेट्स का है, जो सच में बदलाव चाहते थे। ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिब)ता के तहत थरूर को वोट किया। पवार को जहां ...**

# थरूर को कैसे मिले इतने वोट?

कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में मल्लिकार्जुन खडगे को चुनौती देने वाले शशि थरूर को 1,072 वोट मिले हैं। कुल 93 सौ के करीब वोट पड़े थे, जिसमें से 419 वोट अवैध हो गए और 7,897 वोट खडगे को मिले। अगर संख्या देखें तो शशि थरूर को 1997 में शरद पवार को मिले वोट से ज्यादा वोट मिले हैं। हालांकि प्रतिशत के हिसाब से दोनों को 12 फीसदी के करीब वोट मिले हैं। यह भी मामूली बात नहीं है कि शशि थरूर ने 12 फीसदी वोट हासिल किया। सबको पता है कि वे शरद पवार की तरह लोकप्रिय नहीं हैं और न उनकी तरह साधन संपन्न हैं। साथ ही किसी एक राज्य या समाज की अस्मिता उनसे नहीं जुड़ी है। इसके बावजूद उन्होंने पवार के बराबर वोट हासिल किया। तभी सवाल है कि थरूर को इतने वोट कैसे मिले? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि सोनिया और राहुल गांधी ने उनका विरोध नहीं किया था। यह सबको पता है कि मल्लिकार्जुन खडगे परिवार के आधिकारिक उम्मीदवार थे, भले इसकी घोषणा नहीं की गई थी। लेकिन जैसे खडगे के आधिकारिक उम्मीदवार होने की घोषणा नहीं की गई थी उसी तरह थरूर के विरोधी होने की भी घोषणा नहीं की गई थी। उनके बारे में यह मैसेज बनने दिया गया था कि वे भी आलाकमान के ही उम्मीदवार हैं। एक स्तर पर उनकी प्रॉक्सी उम्मीदवार की छवि बनाई गई थी। यहां तक कि जब कांग्रेस ने निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्देश दिया कि पार्टी का कोई पदाधिकारी अगर किसी



उम्मीदवार का समर्थन करना चाहता है तो उसे पद से इस्तीफा देना होगा, तब भी चुनाव के बीच शशि थरूर को रसायन व उर्वरक मंत्रालय की संसदीय समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वे पहले आईटी मंत्रालय की कमेटी के अध्यक्ष थे लेकिन उस कमेटी का अध्यक्ष शिव सेना के एकनाथ शिंदे गुट के नेता को बना दिया गया। बदले में कांग्रेस को रसायन व उर्वरक मंत्रालय दिया गया, जिसे लेने में कांग्रेस शुरू में हिचक रही थी। लेकिन उसने अंत में इसे स्वीकार किया और थरूर को इसका चेयरमैन बनाया। इससे यह मैसेज गया कि थरूर भी आलाकमान के गुडबुक में हैं। सो, इस वजह से उनको कई जगह वोट मिल गए। दूसरा कारण यह है कि हर राज्य में कुछ असंतुष्ट नेता हैं। प्रदेश में पार्टी के नेतृत्व से नाराज और असंतुष्ट नेताओं ने शशि थरूर को वोट किया। उनको आलाकमान या खडगे से कोई शिकायत नहीं भी रही है तो प्रदेश के नेताओं की खुन्नस में उन्होंने थरूर को वोट किया। तीसरा कारण कांग्रेस के युवा डेलिगेट्स का है, जो सच में बदलाव चाहते थे। ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता के तहत थरूर को वोट किया। पवार को जहां एकमुश्त मराठा वोट मिला था उस तरह एकमुश्त वोट थरूर को कहीं से नहीं मिला, बल्कि हर राज्य में थोड़े थोड़े वोट उनको मिले, जिससे वे एक हजार से ज्यादा वोट हासिल करने में कामयाब रहे।

# इनसान–जानवर का संघर्ष

एक तरफ वन्य जीव खतरे में हैं, तो दूसरी यह भी सच है कि बीते सालों में इंसानों पर जंगली जानवरों के हमलों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस मसले का हल अब जरूरी है। हाल में नामीबिया से चीते भारत लाए गए, तो उनकी खूब चर्चा रही। उन चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोडने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां गए। इसके लिए प्रधानमंत्री ने अपने जन्म दिन का विशेष अवसर चुना। जाहिर है, उससे वन्य जीवों के प्रति प्रधानमंत्री के लगाव का संदेश सारे देश को दिया गया। इसीलिए प्रधानमंत्री से यह अपेक्षित है कि वे देश के कई इलाकों में इनसान और जानवरों के बीच बढ़ रहे विरोध पर भी ध्यान दें। अब यह जरूरी हो गया है कि ऐसी विरोध स्थितियों को हल करने के प्रभावी कदम यथाशीघ्र उठाए जाएं।

हाल में बिहार में वाल्मिकीनगर टाइगर रिजर्व के एक बाघ के नरभक्षी बनने के बाद सरकार के आदेश पर उसे मार दिए जाने की घटना ने ऐसे टकरावों की तरफ सारे देश का ध्यान खींचा है। इससे वन्य जीव अभयारण्यों के आसपास के इलाकों में बसे लोगों की सुरक्षा का सवाल उठा है और प्रोजेक्ट टाइगर के औचित्य पर भी बहस शुरू हो गई है। एक तरफ वन्य जीव खतरे में हैं, तो दूसरी यह भी सच है कि बीते सालों में इंसानों पर जंगली जानवरों के हमलों की संख्या बढ़ती जा रही है। वाल्मिकीनगर टाइगर रिजर्व बिहार का एकमात्र टाइगर रिजर्व है। इसे देश का पांचवां सर्वश्रेष्ठ टाइगर रिजर्व और वन्य जीव अभयारण्य माना जाता है। यहां रॉयल बंगाल टाइगर प्रजाति के बाघ हैं।

यहां से निकले एक बाघ ने सिर्फ सितंबर महीने में ही छह लोगों की जान ले ली। इसके अलावा कई लोग घायल हुए हुए और कई मवेशियों की भी जान गई। इस कारण आसपास के करीब 50 से अधिक गांवों के लोग एक महीने से ज्यादा समय से डर के साये में जी रहे थे। आखिरकार बाघ को नरभक्षी घोषित कर उसे मार दिया गया। बहरहाल, ऐसी समस्या पैदा होने का यह पहला मामला नहीं है। बल्कि कई अन्य अभयारण्यों के पास भी जानवर अक्सर आसपास के रिहायशी इलाकों में घुस जाते हैं। बेशक जंगली जानवरों के हमले की वजह मनुष्यों और जानवरों के बीच के संघर्ष हैं। इसके समाधान पर सोचना अब जरूरी हो गया है।

# भाजपा नेताओं का मुलायम प्रेम

**कहने की जरूरत नहीं है कि इससे उन्होने क्या राजनीतिक मैसेज दिया है। लोग धर्मध्वजा से मगन और रोजी रोटी के लाले। तभी आठ साल के राज में साढ़े सात करोड़ के करीब नए गरीब बढ़े हैं। 2011 तक गरीबों की संख्या घट कर 27 करोड़ रह गई थी, जो अब 34 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। लेकिन उनका पुनरुत्थान सरकार की प्राथमिकता नहीं है। उन्हें तो पांच किलो अनाज देकर उनका जीवन चलाया...**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन से लेकर उनके अंतिम संस्कार तक भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की जैसी सक्रियता दिखी वह हैरान करने वाली है। आमतौर पर किसी भी पार्टी के नेता के निधन सारी पार्टियों के नेता दलगत विरोध छोड़ कर उसके अंतिम संस्कार में शामिल होते हैं लेकिन मुलायम सिंह के मामले में भाजपा का रवैया कुछ खास दिखा। इसके दो मुख्य कारण हैं। पहला तो यह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके आत्मीय संबंध थे और उनके निधन के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने जिस तरह से उनको श्रद्धांजलि दी उसने भाजपा नेताओं को प्रेरित किया। दूसरा कारण उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव वोट की राजनीति है, जिस पर भाजपा पिछले कई सालों से नजर लगाए हुए है।




मुलायम सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विट करके उनके साथ अपनी आठ फोटो शेयर की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री मोदी ने भरूच की जनसभा में भी अपने भाषण के दौराम मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्होंने 2014 में मुलायम सिंह ने उनको आशीर्वाद दिया था, जो उनकी अमानत है। ध्यान रहे मुलायम सिंह ने लोकसभा में खड़े होकर मोदी को दूसरी बार भी प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया था। सो, प्रधानमंत्री ने भी खुल कर अपनी भावनाओं का इजहार किया।

सपा संस्थापक जब अस्पताल में भर्ती थे तब राजनाथ सिंह उनको देखने गए थे और निधन के बाद भी राजनाथ सिंह और अमित शाह ने अस्पताल में जाकर उनको श्रद्धांजलि दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया। सोमवार को जिस समय मुलायम सिंह का पार्थिव शरीर दिल्ली से उत्तर प्रदेश पहुंचा उसी समय मुख्यमंत्री ने जाकर उनको श्रद्धांजलि दी। अगले दिन मुख्यमंत्री को सिताब दियारा जाकर अमित शाह के साथ जेपी की जयंती के कार्यक्रम में हिस्सा लेना था। उसमें शामिल होने के बाद वे फिर लौट कर सैफई गए और अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। उनके उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित तमाम मंत्री और बड़े नेता अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

ट्विटर और फेसबुक सहित सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर भाजपा के नेताओं ने मुलायम सिंह को खुले दिल से श्रद्धांजलि दी। भाजपा के कम से कम तीन नेताओं ने अंग्रेजी, हिंदी के अखबारों में लेख कर लिख कर मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि दी। इनमें एक भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया भी हैं, जो पहले सपा में रहे हैं। उन्होंने अंग्रेजी के एक अखबार में लेख लिखा कर मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि दी। पूर्व राज्यसभा सांसद और मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे प्रभात झा ने भी लेख लिखा तो उत्तर प्रदेश भाजपा के एक नेता शतरुद्र प्रकाश ने भी मुलायम सिंह के ऊपर लेख लिखा। वे भी पहले सपा में रहे हैं। वैसे मुलायम सिंह को सभी पार्टियों के नेताओं ने खुले दिल से श्रद्धांजलि दी लेकिन भाजपा नेताओं ने उनको श्रद्धांजलि देने या अंतिम संस्कार में जैसे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया वह हैरान करने वाला था।

# कांग्रेस में नए युग की शुरुआत

**कांग्रेस विपक्ष में आई तो लोकसभा में पार्टी के नेता बने और अभी राज्यसभा में कांग्रेस के नेता हैं। वे कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष रहे और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। तमाम उतार–चढ़ाई और अच्छे–बुरे दिनों के बावजूद वे कांग्रेस में बने रहे और अपनी शिकायतों के बावजूद पार्टी के अनुशासित सिपाही की तरह काम किया। जो भी जिम्मेदारी मिली उसे दिल से निभाया। कांग्रेस के एक सामान्य ....**

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस के 137 साल के इतिहास में सिर्फ छह मौके ऐसे आए हैं, जब अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। इन छह मौकों में से तीन मौके पिछले ढाई दशक में आए हैं। पहले 1997 में सीताराम केसरी चुनाव के जरिए अध्यक्ष बने फिर सन 2000 में सोनिया गांधी चुनाव लड़ कर कांग्रेस अध्यक्ष बनीं और अब मल्लिकार्जुन खडगे एक हाई वोल्टेज प्रचार अभियान वाले चुनाव के बाद भारी बहुमत से जीत कर कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं। सोचें, जिस पार्टी को लेकर वंशवाद के सबसे गंभीर और बड़े आरोप लगते रहे हैं उस पार्टी में पिछले ढाई दशक में तीन बार अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। दूसरी ओर जो पार्टियां आरोप लगाती हैं उनकी स्थापना के बाद से ही कोई चुनाव नहीं हुआ है। हर बार आम सहमति, जिसका मतलब पार्टी के सर्वोच्च नेता की मंजूरी होती है, उससे अध्यक्ष चुने जाते हैं। पार्टियों के सर्वोच्च नेता या तो खुद अध्यक्ष होते हैं या उनकी बैठाई माटी की मूरतें होती हैं। देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में भी अभी तक कभी चुनाव की स्थिति नहीं आई। आज तक ऐसा नहीं हुआ कि एक से ज्यादा व्यक्ति ने नामांकन दाखिल किया हो। बहरहाल, भारतीय राजनीति की इस बुनियादी कमी पर अलग से विचार की जरूरत है। फिलहाल कांग्रेस पार्टी की चर्चा है, जिसको 24 साल के बाद एक गैर गांधी अध्यक्ष मिला है। कोई ढाई दशक के बाद ऐसा हुआ है, जब कांग्रेस की कमान नेहरू–गांधी परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति के हाथ में गई है। इतने ही अरसे के बाद दक्षिण भारत का कोई नेता कांग्रेस का अध्यक्ष बना है। नेहरू–गांधी परिवार के बाहर के और दक्षिण भारत के व्यक्ति का अध्यक्ष बनना कांग्रेस में नए युग की शुरुआत है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सोनिया और राहुल गांधी का असर नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे पर होगा। खुद खडगे ने भी कई बार कहा कि वे गांधी परिवार से सलाह लेने में नहीं हिचकेंगे। यह बहुत स्वाभाविक है क्योंकि सोनिया और राहुल गांधी दोनों कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। सो, पूर्व अध्यक्ष के नाते उनकी हैसियत भी है और उनके पास लंबा अनुभव भी है। इसलिए अगर खडगे उनकी सलाह से लेकर कांग्रेस चलाते हैं तो इसमें कुछ भी गलत नहीं होगा। भाजपा कांग्रेस के नए अध्यक्ष को रिमोट कंट्रोल से चलने वाला बता रही है। यह सिर्फ आलोचना के लिए आलोचना है क्योंकि भाजपा की स्थापना के बाद पिछले 42 साल में जितने भी अध्यक्ष हुए हैं उनमें तीन–चार को छोड़ दें तो बाकी हर नेता से ज्यादा अनुभव और ज्यादा बड़ा कद मल्लिकार्जुन खडगे का है। यह संयोग है या प्रयोग यह नहीं कहा जा सकता है लेकिन कांग्रेस की राजनीति में दो घटनाएं एक साथ हुई हैं। पहली राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा पर निकलना और दूसरी नेहरू–गांधी परिवार से बाहर के एक दिग्गज नेता का कांग्रेस अध्यक्ष बनना। ये दोनों घटनाएं बहुत बड़े मायने वाली हैं। पिछले आठ साल से कांग्रेस की सर्वाधिक आलोचना इस बात को लेकर होती थी कि उसमें पार्टी अध्यक्ष का पद गांधी परिवार के लिए आरक्षित है। भाजपा से तुलना करते हुए पार्टी के नेता अक्सर कहा करते थे कि भाजपा में कोई भी अध्यक्ष बन सकता है, जबकि कांग्रेस में गांधी परिवार का ही कोई व्यक्ति अध्यक्ष बनेगा। इसे लेकर कई तरह के मजाक सुनाए जाते थे। खडगे के अध्यक्ष बनने से इस आलोचना की धार कुंद पड़ जाएगी। चाहे उन्हें रिमोट कंट्रोल्ड अध्यक्ष कहा जाए लेकिन हकीकत यह है कि अध्यक्ष के पद पर गैर गांधी बैठा होगा। खडगे की खासियत यह भी है कि वे किसी राजनीतिक वंश के नहीं हैं। वे दलित समाज से आते हैं और कोई 55 साल पहले उन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर कांग्रेस की राजनीति शुरू की थी। कांग्रेस की दूसरी आलोचना राहुल गांधी को लेकर होती थी। अक्सर कहा जाता था कि राजनीति में उनकी रूचि नहीं है, वे अक्सर विदेश चले जाते हैं, वे जमीन पर उतर कर राजनीति नहीं करते आदि आदि। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल ने इन तमाम आलोचनाओं का जवाब दिया है। ये दोनों घटनाक्रम एक साथ हुए हैं इसलिए इनका असर ज्यादा गहरा और दूरगामी होगा।

अब सवाल है कि खडगे के अध्यक्ष बनने से कांग्रेस में क्या बदलेगा? सबसे पहले तो काम करने का तरीका और कार्य संस्कृति बदलेगी। अब सोनिया और राहुल गांधी आमतौर पर 10, जनपथ या नौ, तुगलक लेन से ही राजनीति करते थे। इसके उलट खडगे कांग्रेस मुख्यालय में बैठेंगे। इसका सबसे बड़ा असर यह होगा कि नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी मुख्यालय में आना जाना बढ़ेगा। खडगे एसपीजी या जेड प्लस सुरक्षा घेरे में रहने वाले नहीं हैं इसलिए पार्टी नेता उनसे सहज तरीके से मिल पाएंगे और अपनी बात कह पाएंगे। उनकी जो नई टीम बनेगी उसके नेता भी उनके साथ सहज होंगे। खडगे के पास संगठन का बहुत व्यापक अनुभव है। वे गुलबर्गा में नगर अध्यक्ष रहे हैं, कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इसलिए उनको पता है कि आम कार्यकर्ताओं से कनेक्ट कैसे बनता है और संगठन को कैसे मजबूत किया जाता है। यह उनको किसी से सीखने की जरूरत नहीं है।

मल्लिकार्जुन खडगे के अध्यक्ष बनने से कांग्रेस को चुनावी फायदा भी होगा। वे कर्नाटक के जमीनी नेता हैं। उनका अध्यक्ष बनना कन्नाडिगा के सम्मान की बात है। वहां अगले साल मई में चुनाव होना है और कांग्रेस को खडगे के अध्यक्ष बनने से लाभ मिलेगा। खडगे नया वोट समूह पार्टी के साथ जोड़ सकते हैं, पार्टी की आंतरिक खींचतान को खत्म करा सकते हैं और जरूरत पडने पर देवगौड़ा परिवार के साथ तालमेल भी करा सकते हैं। ध्यान रहे कर्नाटक से कांग्रेस को बड़ी उम्मीद है। विधानसभा चुनाव में जीत के साथ साथ कांग्रेस को उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव में पिछली बार भाजपा को जो छप्पर फाड़ जीत मिली थी उसे इस बार बदला जा सकता है। यह काम खडगे के नाम, चेहरे और उनकी सक्रियता से संभव है। कर्नाटक के साथ साथ पूरे दक्षिण भारत में खडगे कांग्रेस के बहुत काम आएंगे। ध्यान रहे कांग्रेस की कुल 52 लोकसभा सीटों में से आधी यानी 26 सीटें सिर्फ तीन राज्यों– तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना से मिली हैं। इसे बचाते हुए कांग्रेस को इनमें कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से बढ़ोतरी करनी है, जिसमें खडगे का चेहरा काम आएगा। खडगे का दलित होना कांग्रेस के पुराने और समर्पित दलित वोट को फिर से पार्टी के साथ जोडने में भी काम आएगा। अब खडगे का बायोडाटा नोट करें और देश के किसी भी बड़े नेता से तुलना करें– वे नौ बार विधायक रहे। दो बार लोकसभा सांसद और फिलहाल राज्यसभा सांसद हैं। वे राज्य सरकार में मंत्री रहे और तीन बार मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए। वे केंद्र सरकार में मंत्री रहे। कांग्रेस विपक्ष में आई तो लोकसभा में पार्टी के नेता बने और अभी राज्यसभा में कांग्रेस के नेता हैं। वे कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष रहे और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। तमाम उतार–चढ़ाई और अच्छे–बुरे दिनों के बावजूद वे कांग्रेस में बने रहे और अपनी शिकायतों के बावजूद पार्टी के अनुशासित सिपाही की तरह काम किया।



# सपा के संरक्षक सभा जिला पार्टी सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सपा के जिला कार्यालय पर सपा संरक्षक व प्रेरणा स्रोत नेता की श्रद्धांजलि सभा की गई इसमें दूर दूर से आये समाजवादी पार्टी के नेता एवं आम जनता ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि सभा की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि हम सब के संरक्षक को प्रेरणा स्रोत नेता एक ऐसे नेता थे जिसे हम लोग कभी भी नहीं भूल सकते स देश में दो ही नेता हुए एक सुभाष चंद्र बोस और दूसरे नेता मुलायम सिंह यादव स यादव ने कहा कि हम सबके संरक्षण व प्रेरणा स्रोत नेता एक ऐसे नेता थे इनके निधन पर पूरा देश एवं विदेश भी शोक में डूब गया श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि नेता ऐसे नेता थे जो हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम किया और हर वर्ग का विकास करने का काम कियास श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए राम निहोर यादव मोहम्मद सईद कुरैशी ने कहा कि नेता ऐसे महान पुरुष थे जिसे हम लोग एवं हर तबका कभी नहीं भूल सकता श्रद्धांजलि सभा देने वालों में मुख्य रूप से अनिल प्रधान अशोक पटेल श्याम बिहारी यादव रामप्यारे सिंह पटेल अनिल कुमार यादव वेद मणि शुक्ला कुमारी मंदाकिनी पांडे विजय शंकर जयसवाल कुमारी निधि पांडे संजय यादव सुनील गौड़ बाबू हाशमी शिवनारायण चौहान नारायण कुशवाहा गीता गौर अनीता वासुदेव डॉक्टर लोकपति सिंह राकेश कुमार लाल बहादुर चंद्रवंशी नंदलाल मौर्य बबलू प्रमोद यादव निर्मल यादव मनीष हिदायतुल्ला खान मन्नू पांडे कामरान खान ओम प्रकाश त्रिपाठी के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# वृद्धाआश्रम में मिमिक्री कलाकार अभय शर्मा ने बड़े बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। मिमिक्री स्टार अभय शर्मा अपने गृह में कुछ दिनों से लगातार लोगों से जनसम्पर्क कर रहे है। दीपावली का समय नजदीक आ गया है, ऐसे में सभी को अपने परिवार के लोगों से मिलने की और उनके साथ त्योहार मनाने की जिज्ञासा होती है और खास तौर से अपने परिवार से दूर न जाने कितने दुखों का सागर छुपाये ऐसे वृद्ध जो कहीं न कहीं किसी रूप में अपने परिवार और अपने ही लोगों से सताए हुए है। ऐसे में कॉमेडियन अभय शर्मा ने अपने अंदाज में बुजुर्गों की हूबहू आवाज निकालकर उन्हें हंसा–हंसा कर लोटपोट कर दिया। अभय ने सभी बुजुर्गों से मिलकर उनका हाल जाना और उनसे खूब बात की कभी प्रधानमंत्री मोदी बनकर तो कभी लालू याद बनकर तो कभी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लालू यादव बनकर। अभय का ये अंदाज बुजुर्गों को खूब रास आया। वही ज्योतिष विद देवेश मिश्रा गुरु एंव युवा मोर्चा काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विपिन कुमार त्रिपाठी ने कहा कि निश्चय ही बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही हम सब अच्छे कर्म में लगे हुए है, इन बुजुर्गों के स्नेह व आशीर्वाद में बहुत ताकत है। उन्होंने कहा कि आज का दिन इसलिए और खास हो जाता है कि हमारे देश का एक चमकता सितारा और हमार के गौरव अभय शर्मा हम सबके बीच उपस्थित होकर बुजर्गों का हाल जान रहे है और उनके बीच समय बिता रहे है। वहीं प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी,उत्सव ट्रस्ट के संस्थापक आशीष पाठक और युवा भारत के जिला समन्यवक चन्द्रभान गुप्ता एंव विकास पटेल ने सभी वृद्धों से बात कर जाना कि किन कारणों से उन्हें वृद्धाआश्रम का सहारा लेना पड़ रहा है। सभी वृद्धो ने अपने–अपने तरीके से पारम्परिक लोकगीत गाकर मौहोल को और भी खुश्नुमा कर दिया।



# समाजवादी युवजन सभा टीम ने गरीबों में किया फल वितरण





दैनिक बुद्ध का संदेश

बाँसी/सिद्धार्थनगर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी पर समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष अम्बिकेश श्रीवास्तव व उनकी टीम के द्वारा समाजवादी पार्टी के संरक्षक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की आत्मा की शांति के लिए मरीजो व गरीबों में फल वितरण किया गया व सभी के द्वारा प्रार्थना की गई। इस दौरान अम्बिकेश श्रीवास्तव ने कहा कि आज नेता हम सब के बीच नहीं हैं लेकीन उसके बाद भी नौजवानों, गरीबों, दलितों, मजलूमों, युवा बेरोजगारों, महिलाओं आदि के दिलो में सदैव हि जीवन पर्यन्त बने रहेंगे क्योंकि नेता जी ने समाज के सभी गरीब, मजदूर किसानों के हित के लिए सदैव कार्य किया आज हम सब उनके आत्मा कि शान्ति के लिए अयोजित श्रद्धांजली के अवसर पर हम सभी नेता को नमन करते है व उनके पद चिन्हों पर सदैव चलने का संकल्प लेते हुए समाजवाद का परचम लहराते रहेंगे। फल वितरण कार्यक्रम में इसरार चौधरी, रवि श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, राहुल पांडेय, सद्दाम, विक्रम पासवान, जय प्रकाश यादव, राशिद अली, जुबेर, मो अजहरुद्दीन, कलीम, इमरान सिद्दीकी, अनन्त उपाध्याय व अन्य साथी मौजूद रहे।

# 132 के वी उपकेन्द्र के कर्मचारियो के प्रयास से विद्युत आपूर्ति बहाल

## भीषण बाढ़ की वजह से विद्युत आपूर्ति हो गई थी ठप





दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के अधिशाषी अभियंता विवेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि विद्युत कर्मचारियों के सहयोग से विद्युत आपूर्ति दोबारा शुरू करने का प्रयास पिछले 3 दिनों से चल रहा था और क्षेत्रवासियों की समस्या का उपाय ढूंढा जा रहा था ऐसे में विद्युत आपूर्ति दोबारा बहाल कर दिया गया है जिसमें विद्युत कर्मियों की भूमिका बहुत ही सराहनीय है, उप खण्ड अधिकारी रमेश पटेल, अवर अभियंता सुमेर प्रसाद, परिचालक लालजी शर्मा, देबन्द्र प्रसाद, नरेन्द्र कुमार, संजय गिरि, कुली शिव कुमार, जितेन्द्र, संविदा कर्मी अशोक कुमार, सुरक्षा प्रहरी जयमोहन, सुर्य प्रकाश दिवेदी एवं उनकी टीम के अथक परिश्रम से 132 के वी डुमरियागंज से निर्गत 33 के वी सभी विद्युत आपूर्ति समान्य रूप से पहले की तरह चलाने में सफल रहा है। बाढ के पानी में उपकेन्द्र पर जाकर सभी विद्युत उपकरण की नमी को जनरेटर चला कर रात–दिन दूर कर रहे थे। और पानी में डूबे हुये उपकरण को पानी से निकाल कर मेंटीनेंस का कार्य कर रहे थे। अधिशाषी अभियंता विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि सभी क्षेत्रवासियो को विद्युत आपूर्ति कर दी गई हैं जिसमे हमारे सभी परिचालको लालजी शर्मा, देवेन्द्र प्रसाद, नरेन्द्र कुमार, संजय गिरि अवर अभियंता सुमेर प्रसाद एवं शिव कुमार, जितेन्द्र, अशोक कुमार एवं शिम्पू, राजीव तिवारी एवं ज्छब् टीम का बहुत बहुत योगदान रहा विशेष कर उपकेन्द्र के सभी कर्मचारी बधाई के पात्र है।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय औराही का छात्र न्याय पंचायत में रहा अव्वल

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। न्याय पंचायत बकौली में वृहस्पतिवार देर शाम तक चले बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता कंपोजिट विद्यालय सरवट पर आयोजित की गयी थी। जिसमें मुख्य अतिथि घोरावल ब्लाक के ब्लाक प्रमुख दीपक सिंह थे। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और इनका बहुमुखी विकास अत्यावश्यक है। जिसमें खेलकूद बहुत ही महत्व पूर्ण है। प्रतियोगिता मे सभी प्रतिभागी छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रदर्शन किया। जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय औराही के सूर्या प्रताप न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता मे 100–मीटर रेस मे अव्वल रहे। इस मौके पर न्याय पंचायत बकौली के खेल प्रभारी नर्वदेश्व प्रसाद पाठक रहे। साथ ही प्रतीभागी गण ओम प्रकाश अजय कुमार मिश्र सेवालाल कमलेश चौधरी विजय कुमार अमित गुप्ता आकांक्षा यादव निधि लोगानी विभूति नारायण बबिता सिंह सविता छोटे लाल अजय कुमार माता प्रसाद शिवमुनि मनोज कुमार अशोक कुमार पांडेय कृष्णानंद मिश्र सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं अभिभावक मौजूद रहे।



**बुद्ध का संदेश**
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
**स्व. के.सी. शर्मा**
सम्पादक
**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# आयुष विभाग ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण संबंधी जागरूकता अभियान के क्रम में स्थानीय नगर क्षेत्र के राजेन्द्रनगर स्थित गौशाला परिसर में शुक्रवार को निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के दूरदराज गांवों से




आये लगभग 500 अधिक लोगो को बाढ़ के दौरान होने वाली जल जनित, संक्रामक रोगों से सम्बंधित आवश्यक जाँच और निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ उन्हें बचाव के तरीके भी बताए गये। कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश तिवारी ने बीमारियों से बचाव में योग और आहार बिहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे सबको अपनी दिनचर्या में अंगीकार करने पर बल दिया। चिकित्सको ने खासकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बरती जाने वाली एहतियात और संक्रमण के मद्देनजर लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि मौसम परिवर्तन ऊपर से बाढ़ के प्रभाव से होने वाली बीमारियों के प्रति सजग रुख अख्तियार कर इनसे बचा जसकता है। आमजन को बीमारियों से बचाने और उन्हें स्वस्थ व सुरक्षित जीवन हेतु आयुर्वेदिक वरदान है। इसके अनुरूप आहार बिहार और उपचार से हर कोई स्वस्थ रह सकता है,बशर्ते आवश्यकता है तो सिर्फ थोड़ी सी मन ,संयम, लगन और विश्वास की। गौरतलब है आयुष विभाग के उक्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन क्षेत्र के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सोहास बाजार के तत्वाधान में सकुशल सम्पन्न हुआ। इस मौके पर चीफ फार्मासिस्ट रविंद्र नाथ पाण्डेय, अरुण कुमार त्रिपाठी, भोला, विजय, घनश्याम यादव, जमील आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक मंगल दल ने ग्रामीणों को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार के युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित संगठन युवक मंगल दल के चतरा ब्लॉक के ग्राम




पंचायत भरसही के अध्यक्ष बंशीधर देव पांडे के नेतृत्व में शुक्रवार को व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जल संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान, पौध रोपण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत भरसही के ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी युवक मंगल दल के ग्राम पंचायत अध्यक्ष बंशीधर देव पांडे द्वारा बताया गया। उन्होंने जल संरक्षण के लिए लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग जल संरक्षण करें जल संरक्षण न करने से ही जल का लेयर नीचे भागता जा रहा है। उसके बाद नशा मुक्ति पर बोलते हुए कहा कि नशा सेहत को बिगाड़ेगी ही जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर भी पड़ेगा। नशा न करें और दूसरे को भी नशा न करने की सलाह दें। इसी तरह ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल द्वारा वृक्षारोपण कर लोगों को एक–एक वृक्ष प्रत्येक वर्ष लगाने की सलाह दी गई। खेलकूद के बारे में बच्चों को व उनके परिजनों को बताया गया कि खेल से स्वस्थ शरीर होता है स्वस्थ शरीर रहेगा तभी पढ़ाई लिखाई में मन लगेगा। इस मौके पर युवक मंगल दल के उपाध्यक्ष रोहित शुक्ला मंत्री रोशन शुक्ला संयुक्त मंत्री सत्यम शुक्ला कोषाध्यक्ष मनीष मनीष शुक्ला कार्यकारी सदस्य गिरिराज देव पांडे शशि शेखर देव पांडे कोमल यादव सदस्य मनीष पाठक मुकेश पाठक समेत ग्राम पंचायत के युवा ग्राम प्रधान प्रभात कुमार समेत ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# क्या आपको भी होती हैं वैक्सिंग के बाद दानों की समस्या, आजमाए ये घरेलू नुस्खें

अक्सर लड़कियां और महिलाएं अपनी त्वचा के अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग करवाती है। खासतौर से जब कोई स्पेशल आयोजन हो। आने वाले दिनों में दिवाली का त्यौहार हैं तो महिलाएं वैक्सिंग कराने के लिए पार्लर की ओर रूख कर रही हैं। यह बालों को हटाने का सबसे प्रचलित और बेहतरीन तरीका हैं। लेकिन कई महिलाओं को वैक्सिंग के बाद दानों की समस्या का सामना भी करना पड़ता हैं। कई बार तो ये रैशेज और दाने एक दो दिन में ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन कई बार इन्हें सही होने में अच्छा खासा समय लग जाता है। वैक्सिंग के बाद निकले इन दानों से छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे आजमाए जा सकते हैं जिनके बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इन नुस्खों के बारे में...

मॉश्चराइजर से मसाज जरूरीः अगर आपके स्किन पर वैक्सिंग के बाद रेडनेस आ जाती है तो आप वैक्सिंग हो जाने के बाद सूदिंग मॉश्चराइजर से मसाज करा सकते हैं। इससे आपकी स्किन रिलैक्स होगी और धीरे धीरे रेडनेस चली जाएगी। ध्यान रहे कि ये स्मेल फ्री मॉश्चराइजर ही हो।

एलोवेरा का इस्तेमालः वैक्सिंग के बाद वैक्सिंग वाले स्थान पर एलो वेरा जेल से अच्छी तरह से



मसाज कर लें। आप रात भर के लिए एलोवेरा जेल वैक्सिंग कराई गयी जगह पर लगा रहने दें। आप एलो वेरा की ताजी पत्तियों से घर पर भी जेल तैयार कर सकती हैं या फिर बाजार से एलो वेरा जेल ला सकती हैं। एलो वेरा जेल के इस्तेमाल से त्वचा की सूजन और खुजली से छुटकारा मिलने के साथ दानों से भी राहत मिलती है। यह त्वचा को मॉइस्चराइज और हाइड्रेट भी करता है। घर पर एलो वेरा जेल बनाने के लिए एलो वेरा की ताजी पत्ती लें और इसे बीच से काटकर चाकू से इसका जेल निकाल लें। इस जेल को एयरटाइट कंटेनर में रख लें।

ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल

स्किन पर दाने या रेशेज की समस्या हो रही है। तो आप टी ट्री ऑयल और ऑलिव ऑयल लगाएं। इससे आपको स्किन पर हो रहे रेशेज से राहत मिलेगी। इसके लिए आप एक चम्मच ऑलिव ऑयल में 2–3 बूंदें टी ट्री ऑयल मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें और उसे अपनी स्किन पर हल्के हाथ से मसाज करते हुए लगाएं। ऐसा रात के समय करें और इसे लगा रहने दें।

सेब के सिरके का इस्तेमाल

सेब के सिरके को एक कप में लें और पानी भी सिरके की मात्रा के समान लेकर अच्छी तरह से मिला लें। फिर इसे रूई की मदद से वैक्सिंग वाले स्थान लगाएं। करीब 10 मिनट तक रूकने के बाद त्वचा को पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को दिन में दो बार करें। इस मिश्रण के एस्ट्रिंजेंट और एंटीसेप्टिक गुण वैक्सिंग के बाद दानों से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह त्वचा का पीएच स्तर संतुलित करता है और सूजन दूर करता है।

नारियल तेल का इस्तेमाल

वैक्सिंग करने के बाद सबसे पहला काम आप अपने वैक्सिंग एरिया को क्लींजर से साफ करें। उस एरिया को सूखने के बाद उस पर नारियल का तेल लगाएं। इसे जितनी देर हो सके उतनी देर के लिए लगा छोड़ दें। ऐसा आप चाहें तो दिन में नहाने के बाद और रात को सोते समय भी कर सकते हैं। वैक्सिंग के बाद होने वाले दानों के लिए नारियल का तेल सबसे कारगर है। यह सूजन को दूर कर लाल हुई त्वचा को राहत पहुंचाता है।

विच हेजल का इस्तेमाल

वैक्सिंग के बाद दाने ठीक करने के घरेलू उपाय में विच हेजल को भी शामिल किया जा सकता है। विच हेजल में गैलिक एसिड, गैलोकैटेचिन और एपिगैलोकैटेचिन पाए जाते हैं, जो एंटी–माइक्रोबियल गुण प्रदर्शित करते हैं। इससे बालों के रोम से संबंध ी सूजन की समस्या होती है। ऐसे में कहा जा सकता है कि वैक्सिंग के बाद के दाने को कम करने में विच हेजल फायदेमंद हो सकता है। इस्तेमाल के लिए विच हेजल सॉल्यूशन से रूई को भिगोकर वैक्स की हुई जगह पर लगाएं। इसे सूखने दें। इसे लगाने के बाद धोने की आवश्यकता नहीं रहती। रोजाना दो बार इस प्रक्रिया को दोहराया जा सकता है।

## शरवरी वाघ ने बेबी पिंक लहंगे में दिए मिलियन डॉलर पोज, अदाओं पर मर मिटे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ हमेशा अपने स्टनिंग और हॉट अवतार के कारण लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस हमेशा उनकी तस्वीरों



पर अपना दिल हार जाते हैं। एक्ट्रेस शरवरी वाघ नेशनल क्रश विक्की कौशल के छोटे भाई सनी कौशल के साथ अपनी रिलेशनशिप की खबरों को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस शरवरी वाघ आए दिन अपने हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस लुक्स में फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने बेहद ही खूबसूरत लहंगा पहना हुआ है। कानों में इयरिंग्स, ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। पिंक कलर के इस खूबसूरत लहंगे में एक्ट्रेस ने सीक्वल में स्टाइलिश ब्लाउज पहना हुआ है जिसमें एक्ट्रेस बला की खूबसूरती नजर आ रही हैं। शरवरी वाघ का ये लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। एक्ट्रेस की एक झलक पाने के लिए फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री शरवरी वाघ कॉटन केंडी को हाथ में पकड़े हुए किर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।






## ऋतिक रोशन का फेवरेट चीट मील है समोसा



बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने परिवार के महत्व, अपने पसंदीदा चीट मील और खाली समय में अपनी पसंद की गतिविधियों के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेता ने जीवन में परिवार के महत्व के बारे में बात करते हुए, रोपोसो के शो रेड कार्पेट प्रीमियर पर लाइव कहा, परिवार ही जीवन है।

यह वही है जो मुझे बनाता है। परिवार वे लोग हैं जिनके साथ मैं अपने जीवन का आनंद लेता हूं।अभिनेता ने आगे काम करने और जीवन संतुलन बनाए रखने तथा परिवार और काम को न मिलाने की एक मजबूत मानसिकता रखने पर जोर दिया। यह बताते हुए कि विक्रम वेधा एक अभिनेता के रूप में ऋतिक की 25वीं फिल्म है, उनसे स्क्रीन पर उनके सबसे पसंदीदा चरित्र के बारे में पूछा गया।

ऋतिक ने कहा, बहुत ही कठिन सवाल। अगर मुझे यह कहना होता कि मुझे कौन सा किरदार करने में सबसे ज्यादा मजा आया, तो वह कबीर (वॉर 2019) और वेधा (विक्रम वेध ा 2022) के बीच एक कठिन विकल्प होगा। वे दोनों समान रूप से उत्तेजक थे।खाली समय में अपनी गतिविधि के बारे में बात करते हुए, ऋतिक ने कहा, मुझे अपने खाली समय में पढना पसंद है।

मुझे ऐसी जगह ढूंढना पसंद है जहां मैं बस बैठकर पढ़ सकूं। जब मैं पढ़ता हूं तो इसका मतलब है कि मैं तनाव मुक्त हूं। मैं केवल तभी पढ़ सकता हूं जब मेरा दिमाग पूरी तरह से मुक्त हो।एक अनुशासित फिटनेस उत्साही के रूप में जाने जाने वाले ऋतिक ने अपने पसंदीदा भोजन और गो–टू चीट भोजन के बारे में बात की।

अभिनेता ने कहा, यह समोसा होना चाहिए, और विशेष रूप से जो आपको सिनेमाघरों में मिलता है। यह आश्चर्यजनक है कि मैं एक बार में कितना खा सकता हूं।1950 की फिल्म समाधि से आमिरबाई कर्नाटकी और लता मंगेशकर द्वारा गाए गए अपने पसंदीदा गीतों में से एक – गोरे गोरे ओ बांके छोरे को गाते हुए अभिनेता को उनके सबसे अच्छे रूप में देखा गया था। ऋतिक ने साझा किया, मेरी अगली फिल्म फाइटर है। यह नवंबर में शुरू हो रही है और सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित है। वर्तमान में मैं फिल्म के लिए तैयारी कर रहा हूं।

## आदिवी शेष की 3 फिल्में शीर्ष 25 तेलुगु फिल्मों की आईएमडीबी सूची में

बहुचघ्चत फिल्म मेजर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले टॉलीवुड अभिनेता आदिवी शेष कुछ दिलचस्प परियोजनाओं के साथ तेलुगु फिल्म में बड़ी जगह बना रहे हैं। आईएमडीबी की शीर्ष 25 तेलुगु फिल्मों में 1957 की रिलीज मायाबाजार 2 नंबर पर और



1980 की शंकरभरणम 14वें स्थान पर है। अन्य उल्लेखनीय प्रविष्टियों में बाहुबली 2 नंबर 10 पर शामिल है। अभिनेता वेंकटेश नुव्वु नाकु नचावु और द्रुष्यम के साथ सूची में दो बार शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि, आदिवी शेष की शीर्ष 25 में से तीन फिल्में शामिल हैं। फिल्में हैं – 2016 में रिलीज हुई क्षनम, 2019 में इवारू, और 2022 में रिलीज हुई मेजर। इस पर बोलते हुए आदिवी शेष कहते हैं कि, यह जानकर बेहद खुशी हो रही है कि मेरी 3 फिल्मों ने आईएमडीबी के रूप में विश्वसनीय मंच पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सूची में जगह बनाई है। यह दर्शकों का प्यार है। मैं अपने सभी निर्देशकों, सह–कलाकारों और निर्माताओं को भी मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। हम वही हैं जो दर्शक हमें बनाते हैं, और मैं अपनी भविष्य की परियोजनाओं के लिए भी उत्साहित हूं।अभिनेता आदिवी शेष अब एक ऑस्कर विजेता फिल्म के रीमेक के साथ आने के लिए तैयार है, जिसे अखिल भारतीय रिलीज के रूप में बनाया जा रहा है।

## इस दिवाली घर में तैयार चीजों से सजाएं घर, लगेगा बेहद खूबसूरत



वैसे तो दिवाली पर घर को सजाने के लिए बाजार में कई तरह की चीजें मौजूद हैं, लेकिन जब सजावट के सामान घर में ही उपलब्ध चीजों से तैयार हो जाए तो बात ही क्या। आप चाहें तो लालटेन से लेकर तोरण तक अपने हाथों से बनाकर घर की सजावट में चार चांद लगा सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी चीजें बनाने का आसान तरीका बताते हैं जिनसे आपके घर को अलग ही लुक मिलेगा।

शुभ–लाभ हैंगिंगः अगर आप दिवाली पर अपने घर के द्वार पर शुभ–लाभ लगाते हैं तो इस बार इसके लिए अपने हाथ से बनाएं शुभ–लाभ हैंगिंग बनाएं। इसके लिए पहले एक कार्डबोर्ड पर दो गोले बनाकर इन्हें कांट लें। अब इसे कलरफुल शीट से कवर करने के बाद एक पर गिलीटर से शुभ और दूसरे पर लाभ लिखें। इसके बाद उसके किनारों पर मोती चिपकाएं। अंत में इनके पीछे रिबन ऐसे चिपकाएं ताकि इन्हें दीवार पर टांगना आसान हो जाए। तोरणः प्रवेश द्वार को सजाने के लिए आप फूलों से तोरण या बांदरवाल बना सकते हैं। इसके लिए फूलों को और उनके रंग को चुनें और तोरण बनाना शुरू करें। इसके बाद फूलों को सुई धागे की मदद से एक माला में पिरोएं और उसकी लड़ी तैयार करें। तैयार लड़ी को बराबर अनुपात में जोड़ते हुए एक लंबी माला का आकर दें और अपने दरवाजे पर लटकाएं। यकीनन फूलों से बने तोरण से आपके घर का दरवाजा खिल उठेगा। पेपर लालटेनः इसके लिए आप ऑनलाइन ट्यूटोरियल की मदद ले सकते है और इसका बेस तैयार करने के बाद आप इसे फेयरी लाइट्स की मदद से सजा सकते हैं। अगर आपके पास फेयरी लाइट्स नहीं है तो आप बल्ब का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। आप चाहें तो इसके लिए पेपर हैंगिंग या क्लॉथ हैंगिंग भी खरीद सकते हैं। इनके चारों ओर फेयरी लाइट्स लपेट कर सजाने से ये बेहद खूबसूरत लगेगा। जगमगाता लैंपः जगमगाता लैंप बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है। इसके लिए पहले मार्केट से अपने पसंदीदा डिजाइन का लैंप खरीदें, फिर इस पर ध्यान से एक मजबूत रस्सी बांधें क्योंकि इससे लैंप के गिरने का डर नहीं रहता है। इसके बाद इसे अपने घर की बालकनी या फिर लिविंग रूम के बीचों–बीच टांग दें। यकीन मानिए इससे ये जगहें बहुत ही खूबसूरत और आकर्षक लगने लगेंगी। दिवाली वॉल आर्टः इसे बनाने के लिए सबसे पहले कलर फुल शीट से जिग–जेग बनाएं फिर इसे गोलाकार या फिर अपनी पसंदीदा आकार में काटें। इसके बाद इसके बीच में फर या फिर गोटा पट्टी चिपकाएं। इसी तरह चार से पांच पेपर क्राफ्ट बना लें। इसके बाद इन्हें एक दूसके के किनारे में आड़े–तिरछे तरीके से चिपकाएं। अब इसे अपने घर की दीवार पर टेप की मदद से चिपकाएं।